**Vacancy Ref. No: BIRAC/VAC/144/Nov-2024-CON**

**पद : सह परामर्शदाता – उद्यमिता विकास**

पद कोड: **CON-55** कुल पद : **1 (एक)**

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है, जिसे कार्यनिष्पादन एवं संगठनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

**समेकित शुल्क :** वरिष्ठ परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क 75,000/- रुपये प्रति माह होगा।

**कार्य विवरण :** बाइरैक देश में बायोटेक उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने में सक्षम रहा है। परामर्शदाता को स्पेड टीम के साथ काम करने और राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमिता विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मजबूत करने में योगदान करने का अवसर मिलेगा।

**रिपोर्टिंग** : परामर्शदाता मुख रूप से संबंधित कार्यक्रम प्रमुखों के साथ कार्य करेंगे तथा साथ ही प्रमुख-स्पेड को रिपोर्ट करेंगे।

**मुख्य दायित्व :**

- बाइरैक की प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों, विशेष रूप से बायोटेक इग्निशन ग्रांट (BIG), क्षेत्रीय केंद्रों में योगदान देने के लिए समूह प्रमुखों एवं भागीदारों के साथ काम करना।
- BIG आवेदकों हेतु मूल्यांकन एवं चयन बैठकों की योजना बनाना एवं उनका संचालन करना; कार्यशालाएँ/बैठकें, उद्यमिता प्रशिक्षण, कार्यक्रम एवं अन्य।
- उपयुक्त संसाधनों, संभावित भागीदारों और हितधारकों की पहचान करना; और विशेषज्ञ और संरक्षक पूल का विस्तार करना।
- उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के तर्कसंगत विस्तार और पैमाने को बढ़ाने हेतु अंतराल और अवसरों की पहचान करने के लिए आवधिक डेटा विश्लेषण करना।
- संक्षिप्त, सुलिखित विश्लेषणात्मक व्यवसाय और तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करना।
- डेटा प्रबंधन और गतिशील रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल प्रबंधित करना; लाभार्थियों/आकांक्षियों के प्रश्नों का समाधान करना।
- तकनीकी और वित्तीय डिलीवरेबल्स का प्रबंधन करना; अनुपालन का पालन करना; समय पर सौंपी गई ज़िम्मेदारियों को पूरा करना।
- सहज सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों में योगदान देना।
- आवश्यकतानुसार घरेलू हवाई यात्रा करना।

**अनिवार्य योग्यता :**

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से जीवन विज्ञान/फार्मा/जैव-चिकित्सा विज्ञान/किसी अन्य संबद्ध जैविक विज्ञान क्षेत्र में 4 वर्षीय स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम;

अथवा

व्यावसायिक प्रशासनिक/उद्यमिता/सार्वजनिक नीति/सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ जीवन विज्ञान में 3 वर्षीय स्नातक की उपाधि।

**वांछनीय योग्यता :**

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध विज्ञान क्षेत्र में पीएचडी।

**उत्तम लेखन एवं मौखिक संचार दक्षता।**

**अनुभव :** उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश जुटाने में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव; जो तकनीकी सलाहकार/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल हो और जिसने अच्छे परिणाम दिए हों, के साथ योग्यता पश्चात, 3 वर्ष से 10 वर्ष के बीच का अनुभव।

**अधिकतम आयु** :

रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 45 वर्ष।